तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 20 मई 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



4

ओपीजेयू एलुमनी मीट में ओन योर साइकिल योजना का शुभारंभ




## खबर संक्षेप

### वनदेवी मंदिर इंजको में श्रीमद्भागवत कथा 24 से

**पत्थलगांव।** वनदेवी मंदिर इंजको में 24 से 31 मई तक श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ होगा। 31 मई हवन पश्चात कथा का विश्राम होगा। श्रीमद् भागवत कथा की व्याख्या व्यास पीठ से आचार्य दिलीप उपाध्याय श्रीधाम वृन्दावन वाले करेंगे। आयोजनकर्ता कथा की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### जन औषधि केंद्र, धन्वंतरी स्टोर खुले रहेंगे

**जशपुरनगर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले में आम नागरिकों को आवश्यक दवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की है। जिले में संचालित जन औषधि केंद्र, धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर एवं प्राइवेट अस्पताल से संलग्न फार्मेसी के माध्यम से दवाएं उपलब्ध रहेंगी। मरीजों को असुविधा न हो इसके लिए निर्देश जारी किए गए हैं। आपातकालीन स्थिति में सेवा देने के लिए सभी 6 ब्लॉकों में हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें ब्लॉक जशपुर से फर्म पटौदी मेडिकल स्टोर 9425251220ए ब्लॉक पत्थलगांव फर्म गोयल मेडिकल स्टोर 7000988142 और फर्म विकास मेडिकल स्टोर 9424180264, ब्लॉक कुनकुरी फर्म अजय मेडिकल स्टोर 6260293137, ब्लॉक बगीचा फर्म जी एस मेडिकल स्टोर 9406421000, ब्लॉक कांसाबेल फर्म अग्रवाल मेडिकल स्टोर 9630949630 एवं ब्लॉक फरसाबहार फर्म चौधरी मेडिकल स्टोर 9691313553 शामिल हैं। आमजन से अनावश्यक दवाओं का संग्रहण नहीं करने की अपील करते हुए नियमित दवाओं की आवश्यकता वाले मरीज चिकित्सकीय परामर्श से दवाएं पहले सुरक्षित रख लेने की सलाह दी गई है।

### मारपीट से घायल नाबालिग की उपचार के दौरान मौत

**अंबिकापुर।** मारपीट से घायल नाबालिग की उपचार के दौरान मौत हो गई। नाबालिग को गंभीर हालत में जशपुर से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। फिलहाल मामले में पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के बरटोली भागलपुर निवासी 15 वर्षीय कृष्णा भगत आ. नित्यानंद भगत को गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक के पिता नित्यानंद भगत ने पुलिस को बताया कि 17 मई को वे घर में आराम कर रहे थे। इसी दौरान छोटे बेटे अनीश भगत ने आकर बताया कि भइया को सचिन राम मार रहा है। जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि बाले राम के मचान के समीप सचिन राम उसके बेटे को पटककर मार रहा था। ऐसे में जब उसने बीच बचाव का प्रयास किया तो सचिन राम उसे धक्का देकर फरार हो गया। इधर गंभीर रूप से घायल कृष्णा भगत को उपचार के लिए बाइक से जशपुर अस्पताल में लेकर पहुंचा जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था।

### रेत-मिट्टी और ईंट लोड 6 वाहन जब्त

**राजपुर।** अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग एवं संयुक्त टीम ने विकासखंड राजपुर के विभिन्न क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रेत तथा मिट्टी ईंट का परिवहन कर रहे कुल 6 वाहनों को जब्त किया है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय रेत माफियाओं में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम ने ग्राम गोपालपुर और ग्राम कर्रा क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। इस दौरान गोपालपुर क्षेत्र में अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे एक वाहन तथा मिट्टी ईंट से भरे एक वाहन को पकड़ा गया।

पुलिस ने 10 दिन में सुलझाई बड़ी चोरी: झारखंड से पकड़ा गया माल खरीदने वाला दुकानदार

# किराना दुकान में चोरी, 6 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर शहर में किराना व्यापारी की दुकान में हुई लाखों रुपए की चोरी का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। शटर तोड़कर राशन सामग्री चोरी करने वाले गिरोह के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें चोरी का माल खरीदने वाला झारखंड का दुकानदार भी शामिल है। पुलिस ने चोरी का अधिकांश सामान, नकदी और वारदात में इस्तेमाल ऑटो जब्त कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मधुबन टोली निवासी विक्रम ताम्रकार की लक्ष्मी गुड़ी मंदिर के पास "विक्रम किराना दुकान" है। 8 और 9 मई की रात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर रखा लाखों रुपए का सामान पार कर दिया था। सुबह जब दुकान खुली तो अंदर का नजारा देख व्यापारी के होश उड़ गए।

### सीसीटीवी और मुखबिर से खुला राज

जांच के दौरान पुलिस को नवाटोली, बनिया टोली, सरना टोली और करबला रोड के युवकों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। पुलिस ने विरेन्द्र भगत उर्फ लड्डू, कार्तिक भगत, अजय रवानी और पमित बरला को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की पूरी वारदात कबूल कर ली। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने साथी नवाजिश खान के ऑटो में चोरी का सामान भरकर झारखंड के गुमला जिले में बेच दिया था। इसके बाद पुलिस टीम ने झारखंड के सकतारा गांव में दबिश देकर चोरी का सामान खरीदने वाले दुकानदार अमृत लाल केरकेट्टा को गिरफ्तार कर लिया।

### फरार आरोपी सिमडेगा से पकड़ा गया

वारदात के बाद फरार चल रहा आरोपी नवाजिश खान पुलिस की भनक लगते ही झारखंड भाग गया था। साइबर टीम की मदद से पुलिस ने उसे सिमडेगा से पकड़ लिया।

### इनकी रही विशेष भूमिका

मामले की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी मोर ध्वज देशमुख, साइबर सेल के उप निरीक्षक नसीरुद्दीन अंसारी सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका।

### चार विशेष टीम गठित

घटना के बाद डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी चंद्रशेखर परमा के नेतृत्व में चार विशेष टीम गठित की। पुलिस ने शहरभर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और साइबर सेल को भी जांच में लगाया।

### 60 डिब्बा तेल, चावल और राशन सामग्री ले उड़े थे चोर

व्यापारी ने पुलिस को बताया कि दुकान से 60 डिब्बा रिफाइन तेल, 25 बोरी चावल, रिफाइन तेल के कार्टून सहित बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री चोरी हुई थी। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

### पुलिस ने ये सामान किया बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 58 डिब्बा 13 लीटर रिफाइन तेल, 7 बोरी चावल, 15 पाउच रिफाइन तेल, 34 बोतल सरसों तेल, 1 पेटी साबुन, 36 पैकेट सिगरेट, 1005 रुपए नकद, वारदात में इस्तेमाल ऑटो क्रमांक जेएच-07-ई-7736, जब्त किया है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

विरेन्द्र भगत, नवा टोली अजय रवानी, बनिया टोली कार्तिक भगत, नवा टोली पमित बरला, सरना टोली अमृत लाल केरकेट्टा, सक तारा, गुमला (झारखंड) नवाजिश खान, करबला रोड जशपुर समेत पुलिस ने पांच आरोपियों को जेल भेज दिया है, जबकि सिमडेगा से लाए गए आरोपी नवाजिश खान को भी न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



# अन्नदाता पर 'ईंधन' की मार कोतबा में गहराया डीजल संकट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

आधुनिक खेती के इस दौर में जहां बिना मशीनों के एक कदम आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है, वहीं जिले का सबसे बड़ा धान उत्पादक क्षेत्र 'कोतबा' इन दिनों एक अभूतपूर्व संकट से जूझ रहा है। क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। भीषण गर्मी के बीच, जब खेतों में खरीफ और रबी की धान की सुनहरी फसल पूरी तरह परिपक्व होने को तैयार है. तब ट्रैक्टरों और आधुनिक कृषि उपकरणों के पहिए डीजल की बूंद-बूंद के लिए ⏭ शेष पेज 4 पर

### 15 हजार एकड़ की फसल दांव पर

कोतबा और इसके आसपास का इलाका पूरे जशपुर जिले में धान का गढ़ माना जाता है। पिछले 20 वर्षों से खमगड़ा जलाशय परियोजना के पानी के दम पर यहां के किसान साल में दो बार (बरसात और गर्मी) बंपर पैदावार लेते आ रहे हैं। ग्राम राजाआमा, बुलड़ेगा, खमगड़ा, पतराटोली, सगरपाली, कोतबा, भालुखार, मधुबन और डोंगादरहा जैसे दर्जनों गांवों के किसान पूरी तरह इसी खेती पर निर्भर हैं। इस सीजन में भी लगभग 12 से 15 हजार एकड़ में धान की फसल लहलहा रही है, जिससे इस वर्ष लगभग 3 लाख बोरी (1.50 लाख क्विंटल) धान के उत्पादन का अनुमान है।

# बरसात से पूर्व अधोसंरचना कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में सीएसपीडीसीएलए क्रेडा तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना संभाग पत्थलगांव की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय कार्यों की प्रगति का विस्तार से जायजा लिया। बैठक में उन्होंने विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए पूर्णए अपूर्णए प्रारंभ एवं अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा की तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय.सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने अधोसंरचना से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि बरसात का मौसम प्रारंभ होने से पूर्व सभी निर्माण कार्यों में गति लाएंए ताकि समय.सीमा के भीतर कार्य पूर्ण हो सकें। बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से स्वीकृत कार्यों एवं जिले में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विद्युत परियोजनाओं को तय समय.सीमा में पूर्ण करेंए ताकि दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को भी निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति आसानी से सुनिश्चित हो सकेगी। साथ ही जिन बसाहटों तक अभी तक विद्युत सुविधा नहीं पहुंच पाई हैए वहां विशेष कार्ययोजना बनाकर शीघ्र कार्य करना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित कियाए जिससे कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रहे। कलेक्टर ने क्रेडा विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों की भी समीक्षा की तथा सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल से जुड़ी योजनाएं आमजन से सीधे जुड़ी हैंए इसलिए इन कार्यों में गुणवत्ता एवं समय.सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना संभाग पत्थलगांव की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से विभाग अंतर्गत संचालित सड़कों एवं निर्माण कार्यों की जानकारी ली और बरसात से पूर्व कार्यों में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेतेंन में बेहतर सड़क संपर्क से आमजन को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा विकास गतिविधियों को भी गति प्राप्त होगी। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने एवं नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

- कलेक्टर ने क्रेडा, सीएसपीडीसीएल एवं पीएमजीएसवाई के कार्यों की समीक्षा की

# यूथ फेस्टिवल: जिले के युवा दिखाएंगे समृद्ध संस्कृति, परंपरा और लोककला की झलक

**जशपुरनगर।** यूथ फेस्टिवल 21 से 24 मई तक हिमाचल प्रदेश के बीर में आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर का इस आयोजन में कलेक्टर रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के निर्देशानुसार जिले के 18 से 24 वर्ष आयु वर्ग के 20 छात्र.छात्राओं का दल सहभागिता करने यहां से रवाना हो चुके हैं। दल के साथ जिले से एक प्रभारी अधिकारी भी शामिल हैं। इस यूथ फेस्टिवल के अंतर्गत युवाओं के लिए पहाड़ों की ट्रेकिंग सहित अनेक साहसिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

- हिमाचल प्रदेश के बीर में 21 से 24 मई तक होगा राष्ट्रीय स्तरीय आयोजन



यूथ फेस्टिवल 2026 केवल एक सामान्य कार्यक्रम नहींए बल्कि युवाओं के सपनोंए प्रतिभाए कलाए संस्कृति और आत्मविश्वास का उत्सव होगा। हरे.भरे पहाड़ों और मनमोहक वादियों के बीच देशभर से आए युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। फेस्टिवल में गीत.संगीतए नृत्यए भाषणए सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। जशपुर जिले के छात्र.छात्राएँ भी अपनी समृद्ध संस्कृतिए परंपरा और लोककला का प्रदर्शन कर जिले एवं छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। यह यात्रा युवाओं के लिए सीखनेए नए मित्र बनाने तथा भारत की विविध संस्कृति को करीब से समझने का सुनहरा अवसर साबित होगी। आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आए छात्र.छात्राएँ भाग लेंगेए जिससे आपसी सांस्कृतिक आदान.प्रदान को भी बढ़ावा मिलेगा।

### गिनाबहार और सिकिरमा में लगा शिविर





**जशपुरनगर।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जनभागीदारी सबसे दूर सबसे पहले अभियान के तहत ग्राम गिनाबहार और फरसाबहार विकासखंड के ग्राम सिकिरमा में शिविर लगाया गया। जिसमें विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और ग्रामवासियों का आधार अपडेटएआय जातिए निवास प्रमाण के आनलाइन आवेदन और आयुष्मान कार्ड बनाया गया। फोटो क्रमांक 10 से 12

# जिले के 417 ग्रामों में मनेगा जनजातीय गरिमा उत्सव

**कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को बेहतर क्रियान्वयन करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को सभी अधिकारियों की समीक्षा ली और भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जन भागीदारी सबसे दूर सबसे पहले अभियान का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जशपुर जिले के 417 धरती आबा ग्राम तथा पीएम जन मन ग्रामों में व्यापक स्तर पर जनजातीय गरिमा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान 18 से 25 मई तक संचालित होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस अभियान के तहत 19 से 24 मई तक जिले के 42 क्लस्टर में संतृप्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। 21 से 23 मई तक आदि सेवा केंद्रों में जनसुनवाई कार्यक्रम होंगे जहाँ लोग अपनी समस्याएं बताएंगे तथा उसका वहीं निवारण किया जाएगा ।

## सुशासन के संकल्प के साथ कार्यकर्ताओं को मिला व्यापक मार्गदर्शन

# एकात्म मानव दर्शन एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद भाजपा की वैचारिक आत्मा: सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का दूसरा एवं अंतिम दिवस जिले के पत्थलगांव मैरिज गार्डन में उत्साह, अनुशासन एवं वैचारिक ऊर्जा के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में जिले भर से आए जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं जनसेवा के विभिन्न आयामों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव ने हमारा वैचारिक अधिष्ठान एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं पंच निष्ठा" विषय पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित वैचारिक आंदोलन है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन को भारतीय चिंतन की आत्मा बताते हुए कहा कि भाजपा की विचारधारा व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के समन्वित विकास पर आधारित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे संगठन की मूल विचारधारा को आत्मसात कर समाज के प्रत्येक वर्ग तक राष्ट्रवाद, सेवा और अंत्योदय का संदेश पहुंचाएं। प्रदेश आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लई ने स्थायी कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन एवं आईटी विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में संगठन की मजबूती के लिए तकनीक आधारित कार्यप्रणाली अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म, सरल एप, बूथ डेटा प्रबंधन, सोशल मीडिया समन्वय एवं आईटी तंत्र के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ को संगठन की सबसे मजबूत इकाई बनाना भाजपा की प्राथमिकता है और इसके लिए आईटी आधारित संपर्क एवं संवाद व्यवस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।वरिष्ठ भाजपा नेता अम्बिकेश केशरी ने देश के समक्ष राजनीतिक एवं सामाजिक चुनौतियों विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।मीडिया पैनलिस्ट संतोष दास ने मीडिया प्रबंधन विषय पर संगठनात्मक दृष्टिकोण एवं मीडिया समन्वय की ⏭ शेष पेज 4 पर

### जन सेवा के संकल्प के साथ समापन

दो दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, सुशासन, बूथ सशक्तिकरण एवं जनसंपर्क के विभिन्न विषयों पर व्यापक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का समापन संगठन की मजबूती, कार्य विस्तार एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ हुआ।

### इनकी रही उपस्थिति

फैज़ान सरवर खान ने बताया कि प्रशिक्षण में मुख्य रूप से श्रम एवं संनिर्माण बोर्ड अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा कृष्ण कुमार राय, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला महामंत्री द्वय मुकेश शर्मा, मनीष अग्रवाल, जशपुर नपा अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, सुशीला साय, शंकर गुप्ता, आनंद शर्मा, आलोक सारथी, अजय शर्मा, संतोष सिंह, श्रीनायक मिश्रा, नटवर मूंदड़ा, संतोष सहाय, वरुण जैन, विजय आदित्य सिंह जूदेव, रूपेश सोनी, शरद चौरसिया, कपिल साय, राजकुमार सिंह, पिंकी गुप्ता, प्रियंका गिरी, रीना बरला, देवधन नायक, हदीस अंसारी, अंकित बंसल, संजय लोहिया, प्रतीक सिंह, सुदाम पांडा, राजकुमार गुप्ता, गणेश जैन, सुनील अग्रवाल, गेंदबिहारी सिंह, अनिल मित्तल, आरती सिंह, उमाशंकर भगत, अवध पाठक, दिलीप साहू, मुकेश सोनी, ममता कश्यप, अवधेश गुप्ता, विजय शर्मा, विनोद निकुंज, श्यामलाल भगत, नरेश यादव, गोपाल कश्यप, राजा सोनी, दीपक गुप्ता, हरिश कुमार, पंकज जायसवाल, रोशन प्रताप, देवलाल भगत सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 4.4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 2 प्रकरणों में कलेक्टर द्वारा कुल 8 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील कुनकुरी के ग्राम पकरीकछार निवासी मुलारी बाई की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पुत्र कुंवर साय तथा पुत्री राजकुमारी को संयुक्त रूप से कुल 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार तहसील कांसाबेल अंतर्गत ग्राम फरसाजुड़वाईन निवासी गोपाल भगत की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी गेन्दो बाई को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के साथ पूर्ण की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## नगर के विकास कार्यों के लिए 576.46 लाख रुपये की स्वीकृति

रामानुजगंज। शहर के समग्र विकास की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। जनभावनाओं के अनुरूप नगर में अधोसंरचना विकास को गति देते हुए विभिन्न वार्डों में कंक्रीट सड़क एवं नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों के लिए कुल 576.46 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्यों में शहर के वार्ड क्रमांक 3, 5 एवं 7 के मध्य सर्वसुविधायुक्त शादी घर निर्माण हेतु डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन का निर्माण प्रमुख रूप से शामिल है। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 के मध्य स्थित अंबेडकर तालाब तथा वार्ड क्रमांक 13 स्थित वर्षों पुराने अटल स्मृति तालाब के उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को भी स्वीकृति मिली है। इसके अतिरिक्त विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु सड़क एवं नाली निर्माण कार्य किए जाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान नगर पालिका परिषद को इससे पूर्व भी शहर विकास के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए स्थानीय विधायक एवं मंत्री राम विचार नेताम के प्रयासों से लगभग 12 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। लगातार मिल रही स्वीकृतियों से नगर में अधोसंरचना विकास को नई गति मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि यह सभी विकास कार्य रामानुजगंज के समग्र विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने जनहितकारी विकास कार्यों के लिए लगातार प्रयासरत विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम सहित मुख्यमंत्री,उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग एवं जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयासों से नगर निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

## जिला अस्पताल की लापरवाही के विरोध में न्याय पदयात्रा




**अम्बिकापुर।** जिला अस्पताल बलरामपुर में एक आदिवासी महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद परिजन एवं ग्रामीणों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने न्याय की मांग लेकर मुख्यमंत्री तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए शांतिपूर्ण न्याय पदयात्रा निकालने की घोषणा की है।जानकारी के अनुसार ग्राम सेन्दुर निवासी 58 वर्षीय कौलेश्वरी आयाम की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। परिजन का आरोप है कि अस्पताल की लापरवाही के कारण महिला की जान गई वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि महिला की मृत्यु छत से गिरने के कारण हुई थी। पीड़ित परिवार एवं ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है1परिजन ने बताया कि 6 मई से जिला अस्पताल बलरामपुर से न्याय पदयात्रा प्रारंभ करेंगे। पदयात्रा में मृतका के परिजन, स्थानीय ग्रामीण व दीपक यादव सहित कुल छह लोग शामिल होंगे।पदयात्रियों ने पीड़ित परिवार को 15 लाख रुपये मुआवजा, दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने तथा जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

## आस्था, संस्कृति और विरासत के संरक्षण हेतु दृढ़-संकल्पित है डबल इंजन सरकार : राजेश



**डांड़गांव।** पूजा अर्चना कर मंत्री राजेश अग्रवाल ने तीन देव स्थलों को दी लाखों रुपये की सौगात दी। क्षेत्रिय विधायक एवं पर्यटन संस्कृति, धर्मस्य मंत्री ने राजेश अग्रवाल ने उदयपुर विकास खंड के डांड़गांव राममंदिर एवं डांड़ गोहिहा ठाकुर देव धाम एवं फुलचूहि पंचायत मे श्रद्धालुओं को चढ़ने के लिए सीढ़ी निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर लगभग 12 लाख रुपये से होने वाले निर्माण का शुभारंभ किया। लंबे समय में ग्रामीणों की द्वारा माग की जा रही थी जिसे मंत्री अग्रवाल ने संज्ञान लिया। शेड, सीढ़ी निर्माण की सुकृति प्रदान की है। इन देव स्थलों में पर पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना की। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा है कि विधानसभा के अन्य धार्मिक स्थलों का यथा शीघ्र सुधार कर करवाया जाएगा जिसकी भी सुकृति मिलने वाली है। ग्रामीणों के समस्याओं को सुन कर उन्होंने तत्काल मौके पर ही बिजली, पेंशन, पेयजल संकट आदि समस्याओं को निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कोई समस्या हो तो किसी भी समय बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के कुशल मार्गदर्शन में अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र के धार्मिक एवं पुनीत स्थलों के विकास और जीर्णोद्धार का कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में ग्राम फुलचुही, उदयपुर स्थित पंचमुखी पहाड़ी में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सीढ़ी निर्माण एवं मंदिर भवन के पुनर्निर्माण कार्य एवं ग्राम डांड़गांव, उदयपुर में मंदिर निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया।

# प्रशासन की हिदायत के बावजूद रोज पाटे जा रहे तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- गोधनपुर स्थित 23 एकड़ के बगल के तालाब को पाटा जा रहा

कलेक्टर सरगुजा के सख्त चेतावनी के बावजूद भू-माफिया तालाबों व जलस्त्रोतों को पाटने व उनपर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे है।

हाल के दिनों में शहर में रिंग बाध व भाथूपारा तालाब को भू माफियाओं द्वारा कब्जा किये जाने को लेकर बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई। स्वयं कलेक्टर ने स्वतः मामले को संज्ञान में लेकर अवैध कब्जे को हटवाया ही नहीं बल्कि तालाब में पाट चुके मिट्टी को भी हटवाया। इसी प्रकार भाथूपारा तालाब में कब्जे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ढहाया गया था। साथ ही चेतावनी भी दी गई थी कि तालाबों व जलस्त्रोतों पर किसी भी प्रकार के बदलाव अथवा कब्जे का कोई भी प्रयास ना किया जाए। राजस्व विभाग को जिले के सभी तालाबों एवं जलस्त्रोतों का पूर्व का नक्शा व रकबा का रिकॉर्ड निकालने के निर्देश दिए गए थे। प्रशासन की सख्ती किए जाने के कुछ ही दिनों बाद फिर से तालाबों को पाटने का क्रम शुरू हो गया है भूमाफिया सूखे तालाबों की प्लाटिंग कर रहे है। राजस्व रिकार्ड में हेरफेर कर तालाबों को निजी स्वामित्व की भूमि बताकर उसे पाटने का काम किया जा रहा है। ऐसी कई शिकायतें देखने को मिल रही है। शहर के वार्ड क्रमांक 5 गोधनपुर स्थित तेईस एकड़ के बगल के तालाब में कब्जा किया जा रहा है। तालाब के रकबे के साथ छेड़छाड़ कर उसे पाटा जा रहा है तालाब को पाटकर कई बड़ी इमारतें खड़ी हो गई और हो भी रही है। लोगों की नजर के सामने बड़ा तालाब आज डबरी में तब्दील हो चुका है। तालाब पाटने वालों की पहुंच देख आम नागरिक विरोध करने या शिकायत करने से भी बचते हैं। नतीजन यदि ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में यह तालाब भी पूरी तरह से अपना अस्तित्व खो देगा।



### तालाब को कराया जाएगा कब्जामुक्त

इस तालाब को रोजाना पाटा जा रहा है। साथ ही इसके जल निकासी को भी रोक दिया गया है। कलेक्टर से शिकायत करेंगे और तालाब को कब्जा मुक्त कराने का प्रयास किया जाएगा।

-शिवमंगल सिंह, पार्षद

### की जाएगी कार्रवाई

तालाब में अतिक्रमण की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

-अजीत वसंत
कलेक्टर सरगुजा

## समस्याओं का समाधान नहीं होने पर दी आन्दोलन की चेतावनी

# सड़क, बिजली-पानी की समस्या को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर से की मुलाक़ात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर प्रतिनिधि मण्डल ने सौंपा ज्ञापन

नगर निगम क्षेत्र में बदहाल सड़कों, चरमराई जल निकासी व्यवस्था, अघोषित बिजली कटौती, ठप सफाई व्यवस्था, बंद स्ट्रीट लाइटों, लंबित सामाजिक सुरक्षा पेंशन और आम जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों, वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं नागरिकों ने सोमवार को कलेक्टर अजीत वसंत को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने शीघ्र समस्याओं का समाधान न होने पर चक्का जाम और निरंतर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

नगर के मध्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 43 अंतर्गत सदर रोड, देवीगंज रोड और विशेष रूप से महामाया चौक से गुरुनानक चौक तक सड़क की बदहाली को प्रमुख मुद्दा बनाया गया। कांग्रेस ने कहा कि यह मार्ग शहर की जीवनरेखा है, लेकिन इसकी स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इसके अलावा बाबूपारा, विशुनपुर, नमनाकला, नवापारा, बौरीपारा, दर्रीपारा सहित नगर निगम क्षेत्र की अधिकांश अंदरूनी सड़कें भी खस्ताहाल हैं। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद निर्माण एवं मरम्मत कार्य शुरू न होना प्रशासनिक निष्क्रियता का प्रमाण है। कांग्रेस ने चेताया कि बरसात शुरू होने में एक माह से भी कम समय शेष है और यदि अभी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो बारिश के बाद हालात और भयावह होंगे। जल निकासी व्यवस्था को लेकर ज्ञापन में कहा गया कि नगर के विभिन्न वार्डों में बड़े नालों एवं नालियों के निर्माण की मांग वर्षों से लंबित है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण आज तक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। कांग्रेस ने मांग की कि वार्ड पार्षदों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। शहर की भीतरी बस्तियों एवं खाली जमीनों पर अव्यवस्थित मिट्टी भराव कर प्राकृतिक जल निकासी मार्गों को अवरुद्ध किए जाने पर भी गंभीर चिंता जताई गई। कुंडला सिटी के पीछे एवं बरेज तालाब क्षेत्र में मिट्टी भराव के कारण अग्रसेन वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश में ही जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। कांग्रेस ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की बदहाल स्थिति को भी प्रमुखता से उठाया। विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांगता पेंशन सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का भुगतान पिछले छह माह से लंबित है, जिससे गरीब, बुजुर्ग एवं जरूरतमंद हितग्राही गंभीर आर्थिक संकट में हैं। इस दौरान संजय विश्वकर्मा, मेराज गुड्डू, हसन खान, पपिन्दर सिंह, शुभम जायसवाल, कलीम अंसारी, मेघा खांडेकर, लुकस एक्का, आलोक सिंह, सतीश बारी, बालकेश्वर तिर्की, अनूप मेहता, जीवन यादव, अमित सिंह रिंकू, अमित तिवारी राजा, शिवांशु गुप्ता, तरनराज बाबरा अन्य मौजूद थे।



कलेटक्टर को ज्ञापन सौंपते नेता प्रतिपक्ष व निगम के पार्षद।

### अघोषित कटौती से लोग परेशां

बिजली व्यवस्था पर हमला करते हुए नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली कटौती और प्रतिदिन अघोषित बिजली बंदी से आम नागरिक, व्यापारी, विद्यार्थी एवं मरीज सभी परेशान हैं। बढ़े हुए एवं त्रुटिपूर्ण बिजली बिलों ने जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। नगर की गलियों, मोहल्लों एवं रिंग रोड क्षेत्र में अधिकांश स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, जिससे आमजन को रात के समय असुरक्षा और भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम की सफाई व्यवस्था को लेकर भी उन्हीने ने गंभीर सवाल उठाए। ज्ञापन में कहा गया कि नालियों एवं गलियों की नियमित सफाई लगभग ठप है, जिससे शहर में गंदगी फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। बारिश पूर्व नालियों एवं प्राकृतिक जल निकासी मार्गों की सफाई नहीं होने से हल्की बारिश में ही निचली बस्तियों एवं कई वार्डों में जल जमाव देखा गया है, जो प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है।

### करेंगे उग्र प्रदर्शन

यदि नगर की इन मूलभूत समस्याओं पर शीघ्र प्रभावी एवं ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्षदों, पदाधिकारियों एवं आम जनता के साथ व्यापक जनआंदोलन, चक्का जाम और उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह ज्ञापन सिर्फ राजनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि आम जन की आवाज है। अब प्रशासन की जिम्मेदारी है कि आश्वासनों से आगे बढ़कर जमीनी समाधान दे, अन्यथा जनता का आक्रोश सड़कों पर दिखाई देगा।

-**शफी अहमद**, नेता प्रतिपक्ष, ननि

## धोखे से खाता खुलवाकर 1.80 करोड़ का लेनदेन, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सट्टा कारोबार में किया गया उपयोग, लम्बे समय से चल रहा था फरार



म्युल अकाउंट खुलवाकर सट्टा कारोबार में उपयोग करने वाले गिरोह के सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने धोखे से दस्तावेज हासिल कर कृषि विभाग में पदस्थ भृत्य के नाम से खाता खुवालाया और उसमें 1.80 करोड़ रूपए का ट्रांजैक्शन किया। फर्जीवाड़ा और सट्टा कारोबार के मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस के अनुसार कृषि विभाग में पदस्थ भृत्य वैभव सूर्यवंशी ने गांधीनगर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि नवापारा निवासी सुमित सिंह व अनुज सिंह द्वारा घर बनवाने के लिए राशि लेनदेन हेतु बैंक खाता की आवश्यकता बताकार उसके नाम से आईडीबीआई बैंक में दो खाते खुलवाए थे। इस दौरान आरोपियों ने वैभव से उसके एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक ले लिया था। 21 मई 2025 में बैंक के लोगों ने उन्हें सूचना दी थी कि आपके नाम से संचालित अकाउंट में बड़े पैमाने पर लेनदेन हो रहा है। एसे में जब उन्होंने जांच की तो पता चला कि सेविंग अकाउंट से 80 लाख व करंट अकाउंट से 1 करोड़ रूपए का लेनदेन किया गया है। दोनों अकाउंट से एक करोड़ अस्सी लाख रूपए के लेनदेन की शिकायत के बाद पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे अनुज सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि अलग अलग लोगों से बैंक खाते हासिल कर उसके द्वारा ऑनलाइन फ्राड व सट्टा के पैसों का आहरण किया जाता है। पुलिस ने मामले में नवापरा निवासी 30 वर्षीय अनुज सिंह आ. सर्वजीत सिंह को बीएनएस की धारा 318(4), 319, 317(4), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि अन्य की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी, आरक्षक अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह सक्रिय रहे।

### अब तक 20 की गिरफ्तारी

सरगुजा में म्यूल अकाउंट के मामले में पुलिस की कार्रवाई चल रही है और पिछले दस दिनों में म्यूल अकाउंट के 4 मामलों में अब तक कार्रवाई करते हुए खाता धारक एवं बैंक खाता खरीदने- बेचने वाले 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके साथ लोगों से पुलिस ने आह्वान किया है कि युवा व नागरिक ऐसे अनैतिक कार्यों में संलिप्त नहीं हो और लालच में आकर अपने दस्तावेज किसी को भी गलत उपयोग के लिए प्रदान ना करें।

## नाम निर्देशन के अंतिम दिवस तक पार्षद के लिए 60 जबकि अध्यक्ष के लिए 5 ने भरे पर्चे





- भाजपा व कांग्रेस ने गाजे बाजे के साथ रैली निकाल किया नामांकन दाखिल

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नवगठित नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के आम निर्वाचन के निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुख्ता प्रबंध किए हैं । नगर पंचायत शिवनंदनपुर में अध्यक्ष पद सहित 15 वार्डों के लिए वार्ड पार्षद पदों पर चुनाव कराया जाएगा।

निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 11 मई से 18 मई 2026 तक उप तहसील पिलखा में नाम निर्देशन पत्र लिए गए। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल ने बताया कि पंद्रह वार्डो में वार्ड पार्षद के लिए कुल साठ लोगों ने नामांकन किया है।नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 19 मई मंगलवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से की जाएगी। 21 मई गुरुवार अपराह्न 3 बजे तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे । इसके बाद रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अंतिम प्रत्याशी सूची जारी कर चुनाव चिन्हों का आबंटन किया जाएगा।

### 4642 मतदाता करेंगे मतदान

नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के 15 वार्डों में कुल 4642 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 2335 पुरुष एवं 2307 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान 1 जून 2026, सोमवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक ईवीएम के माध्यम से कराया जाएगा। इसके लिए कुल 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### ये हैं निर्धारित मतदान केंद्र

निर्वाचन के लिए बनाए गए मतदान केंद्रों में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवनन्दनपुर, नगर पंचायत परिसर, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन शांतिनगर तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के विभिन्न कक्ष शामिल हैं।

### 4 जून को होगी मतगणना

नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सभी 15 वार्डों के पार्षद पदों के लिए डाले गए मतों की गणना 4 जून 2026, गुरुवार को सुबह 9 बजे से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (आजाक) बिश्रामपुर में की जाएगी।

### भाजपा व कांग्रेस की रैली में दिखा उत्साह

आज नामांकन के अंतिम दिवस भाजपा अध्यक्ष एवं पार्षदों के नामांकन के दौरान कैबिनेट मंत्री महिला बाल विकास लक्ष्मी राजवाड़े,सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली सोनी सहित चुनाव प्रभारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।वही कांग्रेस के नामांकन में जिला अध्यक्ष शशि सिंह की अगुआई में कांग्रेसियों ने गाजे बाजे के साथ रैली निकाल नामांकन किया।नामांकन के दौरान उपतहसील कार्यालय में गहमागहमी बनी रही।

### अध्यक्ष पद के लिए पांच ने किए नामांकन

सोमवार को नामांकन के अंतिम दिवस तक अध्यक्ष पद के लिए पांच लोगों ने नामांकन किया है जिसमें भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी के रूप में रितेश जायसवाल, कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी संजय कुमार सोनी, प्रभात जायसवाल, रामलाल सोनी, सतपाल साहू के नाम शामिल हैं।

## पेट्रोल-डीजल किल्लत और खाद्य सामग्री में कटौती के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**शंकरगढ़।** बचवार स्थित पेट्रोल पंप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं गैस की किल्लत और खाद्य सामग्री में कटौती के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया तथा पेट्रोल पंप पहुंचे लोगों से चर्चा कर वर्तमान महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता को लेकर अपनी बात रखी।



धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई कम करो, पेट्रोल-डीजल की किल्लत दूर करो, गरीबों का हक वापस करो जैसे नारे लगाए। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और अधिक गंभीर होती जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पैकरा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के कारण देश की जनता लगातार परेशान हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले नोटबंदी, फिर कोरोना काल में लॉकडाउन और अब पेट्रोल, डीजल एवं गैस की किल्लत ने आम लोगों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता को हर समय किसी न किसी लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। पूर्व विधायक महेश्वर पैकरा ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर ग्रामीण और गरीब परिवारों पर पड़ रहा है।

## प्रथम दिन डीएवी एसईसीएल के करीब 40 बच्चों ने लिया हिस्सा

# स्नेह मिलन में समर कैंप की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर द्वारा कोल कर्मियों के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत सोमवार को स्नेह मिलन में की गई,समर कैंप का उद्देश्य गर्मी के मौसम में स्कूली बच्चों को रिफ्रेशमेंट और स्पोर्ट्स के माध्यम से नये आर्ट सीखाना है,समर कैंप के प्रथम दिन डीएवी स्कूल बिश्रामपुर के करीब 40 बच्चों ने हिस्सा लिया जिनके अभिभावक एसईसीएल कर्मचारी हैं। स्कूल में पढ़ रहे अन्य बच्चों को इस समर कैंप से दूर रखा गया है।

शामिल हुए बच्चों को ड्राइंग, पेंटिंग,बॉल स्पोर्ट्स समेत अन्य रिफ्रेशमेंट खेल आयोजित कराये गये,कैंप में हिस्सा ले रहे ज्यादातर बच्चे डीएवी स्कुल के कक्षा पहली से तीसरी के बीच में बताये गये हैं,प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार को स्पोर्ट्स प्रोग्राम के साथ कोल कर्मियों के बच्चों को योगा भी सिखाया जायेगा।

समर कैंप के शुभारम्भ कार्यक्रम के दौरान एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक संजय सिंह, डीएवी स्कूल की प्राचार्या अनामिका भारती समेत एटक श्रमिक यूनियन के पंकज गर्ग, जेसीसी सदस्यगण, डीएवी स्कूल की स्पोर्ट्स टीचर श्रीमती चित्रा, संजय भाइलाल समेत अन्य मौजूद रहे।




### डीईओ ने नहीं दी थी कैंप की अनुमति

प्राप्त जानकारी अनुसार डीएवी स्कूल की प्राचार्या ने समर कैंप आयोजन के लिए पहले स्कूल ग्राउंड में तैयारियां शुरू की थी तथा समर कैंप आयोजित कराने के लिए जिला प्रशासन सूरजपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर स्वीकृति मांगी थी। राज्य शासन के निर्देश अनुसार बच्चों को हीट वेव से बचाने व मई में कोई कार्यक्रम आयोजन नहीं किये जाने के मद्देनजर जिला शिक्षा अधिकारी ने समर कैंप आयोजन की अनुमति नहीं दी साथ ही डीएवी पेरेंट्स एसोसिएशन की नाराजगी व विरोध होने की आशंका पर आयोजन को डीएवी स्कूल ग्राउंड से स्नेह मिलन में कवर्ड कैंपस के भीतर एसईसीएल कर्मियों के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन कराया जा रहा है।

## विधायक शकुंतला सिंह के प्रयास से प्रतापपुर में जल्द बनेगा रिंग रोड

**प्रतापपुर।** नगर पंचायत प्रतापपुर में आए दिन मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित होने तथा भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना होने की संभावना होने और सड़क के जर्जर होने को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा रिंग रोड की मांग लगातार उठाई जा रही है। जिस पर व्यापारी संघ द्वारा भी कई बार इस विषय में विधायक से मांग किए थे। विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने लोगों को हो रही इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव के समक्ष रिंग रोड के प्रस्ताव को रखा और स्वीकृति कराई। विधायक के प्रयासों से प्रतापपुर रिंग रोड के सर्वे हेतु आज पीडब्ल्यूडी के एसडीओ, इंजीनियर, सर्वे किया गया। सर्वे कार्य भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेंद्र सिंह,उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग प्रफुल्ल गुप्ता,पार्षद नीलम श्रीवास्तव, धीरज गुप्ता, शिव शंकर जायसवाल, पूर्व पार्षद योगेंद्र सिंह, वीडीसी अनिल सिंह की उपस्थिति किया गया। साथ ही मई माह के अंत तक रिंग रोड के फाइनल सर्वे का कार्य भी पूर्ण हो जाने की संभावना है।



# 78 साल के एक्टर अशोक ने कान फेस्टिवल में मचाई धूम



**मुंबई।** कान फिल्म फेस्टिवल में 78 साल के अभिनेता अशोक सराफ ने भी शिरकत भी की। वह अपनी पत्नी और एक्ट्रेस निवेदिता जोशी सराफ के साथ शामिल हुए। इस मौके पर उनके लुक और पहनावे ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। अशोक सराफ जहां कान फिल्म फेस्टिवल में बंद गले का सफेद कोट पहने नजर आए। वहीं पत्नी निवेदिता ने महाराष्ट्रियन साड़ी पहनी थी, इस पर प्रकृति से प्रेरित चित्र बने थे। दोनों हाथ में हाथ डाले, कान फेस्टिवल के रेड कारपेट पर चले। सोशल मीडिया पर फैंस ने इनके लुक और अंदाज को खूब पसंद किया। अशोक सराफ के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मराठी और हिंदी फिल्मों में उम्दा किरदार निभाने के लिए जाने जाते हैं। मराठी फिल्म जानकी से बतौर एक्टर उन्होंने शुरुआत की थी। इसके बाद वह बलाचे बाप ब्रह्मचारी, भूतचा भाऊ और धूम धड़ाका जैसी मराठी फिल्मों में नजर आए।

लाइफStyle

# सारा
## एक बार धोखेबाज का टैग लग गया तो हटता नहीं

सारा अली खान अक्सर अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। अब सारा अली खान ने धोखा और धोखेबाज को लेकर बात की। सारा अली खान और आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'पति पत्नी और वो दो'को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म प्यार, शादी, शक और धोखे पर आधारित है। इस बीच सारा अली खान ने रिश्ते में चीट करने यानी धोखा देने को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने 'वन्स अ चीटर ऑलवेज अ चीटर'वाली कहावत पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। हाल ही में एक बातचीत के दौरान जब सारा अली खान से 'वन्स अ चीटर ऑलवेज अ चीटर'वाली थ्योरी पर राय मांगी गई, तो एक्ट्रेस ने इससे सहमति जताई। सारा ने कहा, 'मैं मानती हूं कि एक बार धोखा देने वाला, हमेशा धोखेबाज होता है। क्योंकि, उसने धोखा दिया है। धोखेबाज की परिभाषा क्या है? अगर किसी ने धोखा दिया है, तो वह धोखेबाज है।' हालांकि, फिल्म के साथी कलाकारों आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह ने सारा के मत से सहमति नहीं जताई। आयुष्मान खुराना ने इस कहावत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'एक बार धोखा देने वाले से एक बार धोखा देने वाले बनने तक का सफर होता है। कोई भी जन्म से धोखा देने वाला नहीं होता।'वहीं ,रकुल प्रीत सिंह ने भी आयुष्मान से सहमति जताते हुए कहा कि जरूरी नहीं कि वह व्यक्ति दोबारा धोखा दे। हालांकि, सारा इससे सहमत नहीं थीं और उन्होंने कहा, 'आपको धोखेबाज का लेबल लग जाता है और इसे बदला नहीं जा सकता। अगर वह धोखेबाज है, तो संभावना है कि वह दोबारा धोखा देगा, लेकिन शायद नहीं भी दे।



## हॉलीवुड मसाला

# सिल्वेस्टर -जेनिफर ने मनाई शादी की सालगिरह




**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर सिल्वेस्टर स्टेलोन (रॉकी) और उनकी पत्नी जेनिफर फ्लेविन ने अपनी शादी के 29 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर सिल्वेस्टर ने सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी के लिए एक बेहद प्यारा संदेश लिखा है। सिल्वेस्टर ने पत्नी जेनिफर के साथ अपनी एक खूबसूरत तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की। इस खास तस्वीर के साथ उन्होंने शादी की सालगिरह की बधाई देते हुए कैप्शन में लिखा, 'तुम मेरी जिंदगी को मतलब देती हो।' सिल्वेस्टर की इस पोस्ट को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं। लोगों ने कमेंट सेक्शन में इस जोड़ी को 'खूबसूरत और प्यारा जोड़ा' बताया। इसके साथ ही फैंस ने उन्हें शादी की सालगिरह की ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।



# गर्लफ्रेंड एलिस के साथ तीसरे बच्चे का स्वागत करेंगे जेमी

**लॉस एंजिल्स।** जेमी फॉक्स जल्द ही तीसरी बार पिता बनने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी गर्लफ्रेंड एलिस हक्सटेप प्रेग्नेंट हैं और दोनों अपने पहले बच्चे का स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं। बता दें कि जेमी फॉक्स पहले से दो बेटियों के पिता हैं। उनकी बड़ी बेटी कोरिन फॉक्स एक्स पार्टनर कॉनी क्लाइन से हैं, जबकि दूसरी बेटी क्रिस्टिन ग्रैनिस से हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसी साल जनवरी 2025 में खबरें आई थीं कि जेमी फॉक्स और एलिस हकस्टेप का ब्रेकअप हो गया है। उस वक्त एक सोर्स ने बताया था कि जेमी अपने काम में काफी बिजी हैं और उनकी जिंदगी में बहुत कुछ चल रहा है। हालांकि, बाद में दोनों फिर साथ नजर आए। उन्हें कई बार एक साथ स्पॉट किया गया, जिसमें मलिबू और मियामी की आउटिंग्स भी शामिल थीं। जेमी फॉक्स और एलिस हकस्टेप का नाम पहली बार साल 2022 में जुड़ा था, जब दोनों को कान्स में एक यॉट पर साथ देखा गया था। इसके कुछ समय बाद एलिस, जेमी की फिल्म डे शिफ्ट के प्रीमियर में भी उनके साथ नजर आई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2023 में जेमी फॉक्स की हेल्थ इमरजेंसी के दौरान भी एलिस उनके साथ मजबूती से खड़ी रहीं। उस समय एक्टर को ब्रेन ब्लीड और स्ट्रोक की समस्या हुई थी।



# कान से सामने आया हुमा का दमदार लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में शिरकत की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कान से अपना एक और दमदार लुक शेयर कर फैंस का दिल जीत लिया है। हुमा के फैंस उनकी इस लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हुमा कुरैशी का कान फिल्म फेस्टिवल से एक नया लुक सामने आया है। इस नए लुक में हुमा एक शानदार काले गाउन में बेहद ही खूबसूरती से पोज देती नजर आ रही हैं। रेड कार्पेट पर जाने से पहले हुमा का यह बेबाक और ग्लैमरस अंदाज उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। ब्लैक गाउन के साथ हुमा ने अपने इस लुक को स्टेटमेंट डायमंड ज्वेलरी के साथ स्टाइल किया है। कान से अपनी इन शानदार तस्वीरों को हुमा ने इंस्टग्राम पर शेयर किया है। इस लुक के साथ हुमा ने कैप्शन में लिखा, 'अगर आप कान में मिलें, तो मुझे पकड़ लीजिएगा।



# भूमि ने की दलाई लामा से मुलाकात

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने हाल ही में दलाई लामा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। भूमि ने इस मुलाकात को बहुत खास और यादगार बताया। भूमि ने इंस्टाग्राम पर दलाई लामा से मुलाकात की कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'दलाई लामा के पास सब कुछ हल्का, शांत और अलौकिक लग रहा था।' जब वह वहां से निकलीं तो उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने लिखा, 'यह एक ऐसा एहसास है, जिसे मैं शब्दों में बता नहीं सकती, सिर्फ महसूस कर सकती हूं।' भूमि ने इस पोस्ट में कई तस्वीरें शेयर कीं। इनमें वह दलाई लामा के सामने सिर झुकाते हुए और भावुक होते हुए दिख रही हैं। कुछ तस्वीरों में मठ का शांत वातावरण भी दिख रहा है।

## टीवी मसाला



# सबा ने पूरी की सीरीज स्टॉर्म की शूटिंग बॉयफ्रेंड ऋतिक ने की है प्रोड्यूस

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड व अभिनेत्री सबा आजाद जल्द ही ऋतिक के प्रोडक्शन हाउस एचआरएक्स फिल्म्स के बैनर तले बन रहे अगले प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। हाल ही में सबा ने खुलासा किया कि उन्होंने आगामी थ्रिलर सीरीज 'स्टॉर्म'की शूटिंग पूरी कर ली है। सबा ने अपने सीरीज की कहानी और अपने किरदार को लेकर बात की। एक बातचीत के दौरान सबा आजाद ने बताया कि इस भूमिका ने उन्हें इमोशनली बहुत प्रभावित किया। उन्होंने इस किरदार को अपने करियर की अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण परफॉर्मेंस में से एक बताया। सीरीज में काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया मेरे लिए काफी हैरान करने वाली और शानदार रही। इस सीरीज ने मुझे उन तरीकों से झकझोर दिया, जिनकी मैंने उम्मीद नहीं की थी। मुझे लगता है कि मैं इसे घर ले गई और मुझे नहीं लगता कि मैं पहले कभी किसी किरदार को घर ले गई हूं। मैं लोगों के इसे देखने के लिए काफी उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि उस शो में कुछ बेहतरीन कलाकार हैं और अजीतपाल सिंह (निर्देशक) एक जीनियस हैं। स्टॉर्म की कहानी मुंबई में हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े एक घोटाले में फंसी पांच महिलाओं के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, ये महिलाएं भ्रष्टाचार, धोखे और मुंबई जैसे शहर में अपने जीवन के संघर्ष से जूझती नजर आती हैं।

## पंचायत सीजन 5 को लेकर सामने आई नई जानकारी

**नई दिल्ली।** ओटीटी की दुनिया का लोकप्रिय शो पंचायत के अगले यानी पांचवें सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले साल सीरीज का चौथा सीजन आया था, जिसका अंत एक रोमांचक मोड़ पर हुआ था। इसके बाद से ही फैंस सीरीज के पांचवें सीजन का इंतजार कर रहे हैं।



ओटीटी प्लेटफॉर्म ने पिछले महीने शो की आधिकारिक घोषणा की थी। अब शो को लेकर कुछ नई जानकारी सामने आई है। पिछले महीने अपने आगामी सीजन को लेकर जब प्राइम वीडियो ने घोषणा की थी, तब उसमें 'पंचायत' सीजन 5 का नाम भी शामिल था। पंचायत का पांचवां सीजन इसी साल 2026 में रिलीज होगा। हालांकि, सीरीज की कंफर्म रिलीज डेट का दर्शक अभी भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पांचवें सीजन में कहानी और भी आगे बढ़ेगी। मेकर्स ने पहले ही इस बात का संकेत दे दिया था कि इस सीजन में चौथे सीजन में अधूरे रह गए सवालों के जवाब मिलेंगे। साथ ही संभव है कि कई ट्विस्ट भी इस बार कहानी में नजर आएंगे। जानकारी के मुताबिक, इस सीजन में सचिव जी अभिषेक त्रिपाठी को फुलेरा में एक कठिन दौर का सामना करना पड़ेगा।

# अमिताभ ने दिखाया ईरान का 134 साल पुराना एकमात्र हिंदू विष्णु मंदिर

एजेंसी ⏭ मुंबई

अमिताभ बच्चन ने ईरान के बंदर अब्बास शहर में बने 134 साल पुराने हिंदू विष्णु मंदिर का एक अनदेखा वीडियो शेयर किया है, जो बहुत ही प्यारा है। इस वीडियो को शेयर कर अमिताभ ने भारत और ईरान के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक रिश्तों की झलक और उसकी अहमियत दिखाने की कोशिश की है। अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। फेसबुक पर शेयर किए विष्णु भगवान के मंदिर के इस वीडियो को देख फैंस ने कहा कि यह अमिताभ बच्चन का साल का सबसे बेहतरीन पोस्ट है। विष्णु मंदिर का वीडियो शेयर कर अमिताभ बच्चन ने लिखा है, 'ईरान के बंदर अब्बास शहर में स्थित प्राचीन हिंदू विष्णु मंदिर। काजर काल में 1892 में निर्मित, यह मंदिर शहर में काम करने वाले भारत के हिंदू व्यापारियों के लिए बनाया गया था। गाना फारसी भाषा में है।' वीडियो में 134 साल पुराने बने मंदिर की पुरानी बनावट नजर आ



रही है। साथ में विष्णु भगवान की उस सदी की मूर्तियां और नक्काशी दिख रही है। अमिताभ बच्चन जल्द की 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल में नजर आएंगे, जिसके लिए उन्होंने कुछ हफ्ते पहले कमल हासन के साथ शूटिंग भी की थी। इसके अलावा नितेश तिवारी की 'रामायणम्' के लिए भी उनके नाम की चर्चा है, पर अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# वेलकम टू द जंगल का टाइटल ट्रैक रिलीज

एजेंसी ⏭ मुंबई

अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, दिशा पाटनी, जैकलीन, रवीना टंडन सहित कई चर्चित सितारों से सजी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। इतने सारे सितारे जहां होंगे, वहां एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलना पक्का है। इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है और काफी धमाकेदार है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का गाना सोमवार को आया है। इसमें एक्शन भी है, इमोशन भी हैं और भरपूर कॉमेडी का डोज है। जंगल का इलाका है और अक्षय कुमार अपनी टोली के साथ वहां मौजूद हैं। जंगल में एक से बढ़कर एक चैलेंज सामने आते हैं। पूरी टोली सर्वाइव करती है। साथ में मस्ती भी भरपूर होती है। इस टाइटल ट्रैक के जरिए यह बात कंफर्म हो चुकी है कि अक्षय कुमार का फिल्म में डबल रोल है। अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से यह गाना साझा किया है। उन्होंने इसके साथ

### डबल रोल निभाएंगे अक्षय



कैप्शन लिखा है, 'इस जंगल में अब दहाड़ भी होगी और शोर भी होगा। फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है'। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म बॉलीवुड की पॉपुलर 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की तीसरी किस्त है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा अरशद वारसी, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, जैकी श्रॉफ, पेरश रावल, राजपाल यादव, रवीना टंडन और कीकू शारदा सहित कई चर्चित सितारे हैं। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है। फिल्म के गाने की बात करें तो गाने की तो इसे संगीतकार जोड़ी साजिद-वाजिद ने कंपोज किया है। इस गाने को रीक्रिएट संस्करण के साथ जारी किया गया है। पहले की तरह इस बार भी आवाज शान ने दी है।

## अपनी अदाकारी से ऐसी छाप छोड़ी, जिसे शायद ही मिटाया जा सकता है

# बॉलीवुड की पहली पढ़ी-लिखी एक्ट्रेस, अंग्रेजों की नाक में किया था दम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लीला लिटनिस आज के दौर में आपने यह नाम नहीं सुना होगा। वह भले ही मीना कुमारी, मधुबाला और मुमताज जैसी पॉपुलर नहीं हुईं, लेकिन उन्होंने सिनेमा में अपनी अदाकारी से ऐसी छाप छोड़ी जिसे शायद ही मिटाया जा सकता है। कर्नाटक में 9 सितंबर 1909 को मराठी परिवार में जन्मीं लीला लिटनिस हिंदी सिनेमा की पहली पढ़ी-लिखी एक्ट्रेस थीं। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर प्रोफेसर थे। ऐसे में परिवार में शिक्षा को लेकर जुनून होना तो तय था। उन्होंने भी खूब पढ़ाई की और उस वक्त बीए की डिग्री हासिल की। लीला लिटनिस ने सिनेमा में कदम रखा, कभी एक्स्ट्रा बनीं तो कभी साइड रोल मिला। मगर कम लोग जानते हैं कि अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले एक टीचर थीं।



### अंग्रेजों के खिलाफ उठाई आवाज

लीला लिटनिस करीब 15-16 साल की थीं, जब उनकी शादी डॉक्टर गजानन यशवंत चिटनिस से हो गई थी। दोनों के चार बेटे हुए। इस दौरान लीला अपने पति के साथ अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठा भी उठा रही थीं। उन्होंने अपने घर में एक मशहूर फ्रीडम फाइटर एम.एन रॉय को पनाह दी थी, बिना इस डर के कि अगर किसी को पता चला तो उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है। खैर, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के बीच उनकी जिंदगी में एक ऐसा दौर भी आया जब उन्हें अपने संघर्ष से लड़ना पड़ा।

### अकेले की चार बच्चों की परवरिश

जब लीला अपने पति गजानन से तलाक लेकर अलग हुईं तो उन्होंने अपने चार बच्चों की अकेले परवरिश करने का फैसला किया। पहले उन्होंने टीचिंग की और फिर थिएटर ज्वॉइन किया। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में कदम रखने का फैसला किया। मगर यह भी कहां आसान था।

### गुमनामी में बीता आखिरी पल

लीला लिटनिस ने हिंदी सिनेमा में करीब 5 दशक तक काम किया। 30s से लेकर 80s तक काम किया और इसके बाद अपने बड़े बेटे के साथ यूएसए में शिफ्ट हो गईं। आखिरी पल उन्होंने बिना किसी लाइमलाइट के गुमनामी में बिताया। साल 2003 में 93 साल की उम्र में एक्ट्रेस का निधन हो गया था।

### 'एक्स्ट्रा' फिल्मों में किया काम

*जब लीला इंडस्ट्री में आईं तो उन्होंने बहुत संघर्ष देखा। उन्होंने कई फिल्मों में 'एक्स्ट्रा' के तौर पर काम किया और फिर साल 1937 में फिल्म जेंटलमैन डाकू से बड़ा ब्रेक मिला। लीला लिटनिस कॅरियर को संवारने वाली फिल्म कंगन साबित हुई जिसके बाद वह लीडिंग लेडी बन गईं।*

### मां के किरदार से मिली पहचान

*लीडिंग रोल्स करने के बावजूद लीला लिटनिस को असली पहचान मां के किरदार से मिले। वह दिलीप कुमार से लेकर राज कपूर और देव आनंद जैसे सुपरस्टार्स की मां की भूमिका निभा चुकी हैं। फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ वह डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के तौर पर भी काम कर चुकी हैं। उनकी इकलौती फिल्म आज की बात को उन्होंने ही डायरेक्ट किया था। मगर फिल्म न चलने के बाद वह फिर से एक्टिंग में आ गई थीं। आपको बता दें कि लीला पहली अभिनेत्री थीं, जिन्होंने **Lux** का ऐड किया था।*

## खबर संक्षेप

### सुशासन शिविर में बस से पहुंचे कलेक्टर

**सारंगढ़।** पीएम नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पेट्रोल डीजल ईंधन की बचत के लिए सोमवार को सुशासन तिहार शिविर हरदी में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू सहित जिले के अधिकारीगण सामूहिक रूप से बस से पहुंचे।

### बट सावित्री अमावस्या पर सुन्दर कांड का पाठ

**तमनार।** बट सावित्री अममावस्या को संध्याकाल सुन्दर कांड का पाठ हनुमत मानस समिति गायत्री शक्ति पीठ तमनार द्वारा किया गया। सामूहिक रूप से हनुमान मंदिर पीएन पटनायक घर में किया गया। उक्त कार्यक्रम में शोमेस वैष्णव, भागवत कथाकार मुकेश पटनायक गोंदिया, जनक साहू सेवा निवृत व्याख्याता, पतालू राम साइ, सेवा निवृत व्याख्याता चर्तुभूज साहू प्राचार्य, नित्यानंद ठाकुर, मुरलीधर पटनायक, पंकज शर्मा, गुडू साहू, गोपाल गुप्ता, उसत बेहरा एवं महिलायें अधिक संख्या में उपस्थित रहे। शनिवार को शनि देवता की जयंती एवं हनुमान की जयंती, वट सावित्रि अमावश्या के पावन पर्व पर संगीत मयी सुन्दरकांड पाठ किया गया। हनुमंता मानस समिति के संयोजक परमानंद पटनायक द्वारा बताया गया कि जुलाई 2019 से लगातार गायत्री मंदिर, हनुमान मंदिर एवं विभिन्न आसपास के ग्रामों में किसी पुत्र या पुत्री के जन्म महोत्सव मृतक परिवार के दशकर्म तिथि में सुन्दरकार्ड पाठ किया जाता है।

### बोड़ाझरिया में भाजपा की अहम बैठक



**पुसौर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पुसौर ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में रविवार को शक्ति केंद्र छपोरा के अंतर्गत ग्राम बोड़ाझरिया में मंडल पदाधिकारियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को घर घर तक पहुंचाने की रणनीति तय की गई। संगठन की मजबूती पर हुआ मंथनः बोड़ाझरिया के सामुदायिक भवन में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता शक्ति केंद्र प्रभारी ने की। बैठक का मुख्य एजेंडा शक्ति केंद्र और बूथ समितियों को और अधिक सक्रिय बनाना रहा। मंडल मीडिया प्रभारी एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास कुमार होता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीता इसलिए हमें हर बूथ पर 11 सदस्यीय समिति को पूरी तरह सक्रिय करना है। हर कार्यकर्ता अपने बूथ के 10 परिवारों से सीधा संवाद रखे। उन्होंने सोशल मीडिया के रचनात्मक उपयोग और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। मन की बात बनेगा जन संवाद का माध्यम इस तार तारतम्य में बैठक में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लेकर विशेष चर्चा हुई।

## अभियान से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्र में सहेजी जा रही सांस्कृतिक धरोहर

# सकरबोगा में 250 वर्ष पुरानी पांडुलिपियों का संरक्षण, ज्ञान भारतम पोर्टल में एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में केंद्र और राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियानों का सकारात्मक प्रभाव अब ग्रामीण अंचलों में भी दिखाई देने लगा है। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकरबोगा में दुर्लभ ताड़पत्र पांडुलिपियों का संरक्षण कर उन्हें डिजिटल माध्यम से सुरक्षित करने की महत्वपूर्ण पहल की गई है। यह पहल न केवल हमारी ऐतिहासिक धरोहर को बचाने का प्रयास हैए बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**खास बात**

- रामायण, भागवत गीता सहित धार्मिक ग्रंथों से जुड़ी ओड़िया भाषा की पांडुलिपियों के संरक्षण को लेकर बढ़ी जागरूकता

राष्ट्रीय सेवा योजना रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केके गुप्ता द्वारा पांडुलिपि संरक्षण अभियान के अंतर्गत ग्राम सकरबोगा, पोस्ट बनोरा में सर्वे और अध्ययन के दौरान कई प्राचीन ताड़पत्र पांडुलिपियां चिन्हित की गईं। इनमें ग्रामीण प्रमोद सा के पास 20 ताड़पत्र, बैरागी गुप्ता के पास 1 ताड़पत्र तथा ठाकुरदत्त गुप्ता के पास 1 ताड़पत्र संरक्षित पाए गए। ये सभी पांडुलिपियां ओड़िया भाषा में लिखी गई हैं और इनमें रामायण, श्रीमद्भागवत गीता तथा अन्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक ग्रंथों से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री सुरक्षित है।



ग्रामीण के घर में संरक्षित पांडुलिपी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण प्रमोद सा ने बताया कि उनके पास सुरक्षित पांडुलिपियां लगभग 200 से 250 वर्ष पुरानी हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी इन दुर्लभ ताड़पत्रों को परिवार द्वारा संभालकर रखा गया है। ग्रामीण परिवेश में वर्षों से सुरक्षित ये पांडुलिपियां आज भी भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और पारंपरिक ज्ञान की जीवंत मिसाल बनी हुई हैं। डॉ.केके गुप्ता ने उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में इन पांडुलिपियों की जानकारी भारत सरकार के ज्ञान भारतम पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज की है। यह पोर्टल देशभर में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और दस्तावेजीकरण के लिए महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा है। इसके जरिए दुर्लभ पांडुलिपियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है, ताकि भविष्य में शोध, अध्ययन और संरक्षण कार्यों में इसका उपयोग किया जा सके। पांडुलिपियों के जियोटैगिंग कार्य के दौरान फोटो एवं वीडियो भी तैयार किए गए, जिन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया गया। इसका उद्देश्य आम लोगों विशेषकर युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। सोशल मीडिया के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि गांवों और घरों में वर्षों से सुरक्षित पुरानी पांडुलिपियां केवल धार्मिक सामग्री नहीं, बल्कि देश की ऐतिहासिक और बौद्धिक धरोहर हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय एवं राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के माध्यम से देशभर में पांडुलिपियों के संरक्षण, डिजिटलीकरण और सूचीकरण का विशेष अभियान चला रही है। इस अभियान का उद्देश्य भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, साहित्य, दर्शन, विज्ञान, आयुर्वेद, ज्योतिष, धर्म और संस्कृति से संबंधित दुर्लभ दस्तावेजों को संरक्षित करना है।

### सहेजने की हो रही कवायद

छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों में भी इस दिशा में जागरूकता कार्यक्रम, सर्वेक्षण और डिजिटलीकरण कार्य लगातार किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी हजारों दुर्लभ पांडुलिपियां निजी संरक्षण में सुरक्षित हैं, जिनकी पहचान और दस्तावेजीकरण अत्यंत आवश्यक है। सकरबोगा गांव में मिली पांडुलिपियां इस बात का प्रमाण हैं कि भारत की सांस्कृतिक जड़ें आज भी गांवों में जीवित हैं और यदि समय रहते इन्हें संरक्षित किया जाए तो आने वाली पीढ़ियां अपनी गौरवशाली विरासत को और बेहतर ढंग से समझ सकेंगी। डॉ.केके गुप्ता ने बताया कि पांडुलिपि संरक्षण अभियान का उद्देश्य केवल दस्तावेजों को सुरक्षित करना नहीं, बल्कि लोगों में अपनी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि यदि समाज और प्रशासन मिलकर इस दिशा में कार्य करें।



# 50 किलो से ज्यादा गांजा के साथ 6 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 किलो 890 ग्राम गांजा के साथ 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा के कंधमाल से गांजा लेकर उत्तर प्रदेश के फतेहपुर ले जा रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो कार और 6 मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 18 लाख 40 हजार रुपये बताई जा रही है।

सरिया पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की कार क्रमांक यूपी 71 बीजे 6017 में दो लोग भारी मात्रा में गांजा लेकर ओडिशा से सरिया.रायगढ़ मार्ग होते हुए उत्तर प्रदेश जा रहे हैं। वहीं उनके आगे-आगे एक लाल रंग की हुंडई आई.10 कार क्रमांक ओआर 05 एएल 0467 में चार लोग पेट्रोलिंग करते चल रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक एनएल राठिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना सरिया के सामने मेन रोड पर घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रोक लिया। पुलिस ने सबसे पहले लाल रंग की आई 10 कार की जांच की। कार में लिपुन साहू पिता नबोधन साहू 19, पंचानन बेहरा पिता अभिमन्यु बेहरा 23 , चन्द्रकांत मलिक पिता तुनुरामणी मलिक 19 और लिट्टू बेहरा पिता राम बेहरा 19 निवासी ग्राम रबिग्या थाना बालिगुड़ा जिला कंधमाल ओडिशा सवार मिले। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे गांजा खरीददारों को सुरक्षित तरीके से छत्तीसगढ़ बॉर्डर पार कराने के लिए आगे आगे चल रहे थे। इसके बाद पुलिस ने हुंडई ऑरा कार की तलाशी ली। कार में मोहम्मद आजम पिता असलम अली उर्फ मोहम्मद असलम उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम दुदौली जलालपुर चौकी छिवलहा थाना हथगांव जिला फतेहपुर उत्तर प्रदेश और रंगनाथ कोरी पिता धुनीलाल कोरी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम चारूहर बीक पोस्ट ऑफिस गोड़ा थाना गदागंज जिला रायबरेली उत्तर प्रदेश सवार थे। तलाशी के दौरान कार की बीच वाली सीट में 4 पैकेट और डिक्की में 21 पैकेट खाखी रंग के टेप से लिपटा गांजा मिला।

### 25 पैकेट में मिला 50 किलो से ज्यादा गांजा

पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में गांजा का वजन कराया। कुल 25 पैकेट में 50 किलो 890 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपियों से गांजा रखने संबंधी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने गांजाए दोनों कार और 6 मोबाइल फोन जब्त कर लिए। सरिया थाना में आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# ओपीजेयू एलुमनी मीट में ओन योर साइकिल योजना का शुभारंभ

**तमनार।** देश में जारी ईंधन संकट और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती चिंता के बीच पूंजीपथरा स्थित ओपी जिंदल विश्वविद्यालय ओपीजेयू ने कर्मचारियों को साइकिल उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने की नई पहल ओन योर साइकिल योजना 17 मई से शुरू की गई है। ओपीजेयू प्रबंधन साइकिल खरीदने पर 25 फीसदी सब्सिडी दे रही है।

प्रधानमंत्री जी के आह्वान से प्रेरित होकर ओपीजेयू ने ओन योर साइकिल योजना शुरू की है। यह पहल न केवल कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देगी, बल्कि ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान करेगी।



ओपीजेयू हमेशा से सतत विकास और हरित पहल में अग्रणी रहा है, और यह योजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ में पूर्व छात्रों के लिए "एलुमनी मीट-2026" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न बैचेस के पूर्व छात्र शामिल हुए और अपने अनुभव साझा किए। एलुमनी मीट का उद्देश्य पूर्व छात्रों और विश्वविद्यालय के बीच संबंधों को और मजबूत करना था। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार द्वारा ओपीजेयू के कर्मचारियों के लिए "ओन योर साइकिल" योजना का भव्य शुभारंभ किया गया। यह पहल प्रधानमंत्री के ईंधन बचत एवं हरित भारत मिशन के आह्वान से प्रेरित है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत साइकिल के मूल्य का 25 प्रतिशत विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जाएगा, और शेष राशि कर्मचारियों द्वारा किश्तों में चुकाई जाएगी।

# जल जीवन मिशन का काम तस्वीरों में पूरा, बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे लोग

**कुड़ेकेला।** जिले के धरमजयगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पुसलदा में इस योजना को ऐसा घुन लगा है कि करोड़ों के बजट के बाद भी ग्रामीणों के गले सूखे हैं। यहाँ कागजों पर तो योजना दौड़ रही है, लेकिन धरातल पर यह सिर्फ ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मनमानी का भेंट चढ़ चुका है।

सरकारी फाइलों के मुताबिक ग्राम पंचायत पुसलदा में 109.79 लाख रुपए लगभग 1 करोड़ 10 लाख की लागत से 100 किलोलीटर क्षमता और 12 मीटर ऊंचाई की भव्य आरसीसी स्टील स्ट्रक्चर पानी टंकी बनाई जानी थी। साथ ही 2330 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर 409 घरों में नल कनेक्शन दिया जाना था। कार्य का जिम्मा सराफ कंस्ट्रक्शन खरसिया को साल 2022-23 में सौंपा गया था, लेकिन धरातल पर जो हुआ वह हैरान करने वाला है।



ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने आनन फानन में आधा अधूरा ढांचा खड़ा किया तस्वीरें खिंचवाईं और अधिकारियों से सांठगांठ कर कार्य पूर्ण होने का ठप्पा लगवाकर राशि डकार ली। सबसे बड़ी विडंबना देखिए गाँव में पानी टंकी तो खड़ी है लेकिन उसमें पानी भरने के लिए बोर ही नहीं है जब स्रोत ही गायब है तो टंकी में पानी कहाँ से आएगा और ग्रामीणों के घरों तक कैसे पहुँचेगा। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि इस पूरे महाघोटाले में विभागीय अधिकारियों की भूमिका बेहद संदिग्ध है। कार्यपालन अभियंता परीक्षित चौधरी सहायक अभियंता सीएल कोरी और उप अभियंता जयचंद भगत की नाक के नीचे यह पूरा खेल खेला गया।

टंकी तो बनी है लेकिन उसमें पानी नहीं भरा गया। किसी भी घर के नल में पानी की एक बूंद नहीं आई है। लोग बूंद बूंद पानी के लिए लालायित हैं।

**रामजी लाल तत्कालीन सरपंच, ग्राम पंचायत पुसलदा**

गांव में गर्मी के दिनों में पीने के पानी की भयानक समस्या होती है। अगर यह नल जल योजना सुचारू रूप से चालू रहती तो आज गांव को जो पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है वह नहीं होती।

**केशव राठिया उपसरपंच, पुसलदा**

## पृष्ठ 1 का शेष

### अन्नदाता पर 'ईंधन' की...

थम गए हैं। कोतबा क्षेत्र में कहने को तो चार पेट्रोल पंप हैं, लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि मंगलवार सुबह सिर्फ कारगिल चौक स्थित 'इंडियन ऑयल' के पेट्रोल पंप पर ही डीजल उपलब्ध हो सका। नतीजा यह हुआ कि सुबह 6 बजे से ही चारों दिशाओं से ट्रैक्टरों और गाड़ियों का रेला उमड़ पड़ा। कारगिल चौक से लैलूंगा मार्ग, बागबहार, गोलियागढ़ और गंझियाडीह मार्ग पर गाड़ियों की इतनी लंबी-लंबी कतारें लग गईं कि पूरे इलाके की रफ्तार थम गई। बसों के संचालन और आम जनता के आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिसकर्मियों को चिलचिलाती धूप में घंटों कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सुबह 6 बजे खुली खिड़की दोपहर 11 बजे आते-आते बंद हो गई। महज 5 घंटों में पेट्रोल पंप पूरी तरह 'ड्राई' हो गया और कतार में लगे सैकड़ों किसानों को मायूस होकर खाली ट्रैक्टरों के साथ घर लौटना पड़ा।

हार्वेस्टर मशीनों के खड़े होने की नौबत- धान की कटाई का समय बेहद सीमित होता है। इस समय बाहरी राज्यों और जिलों से तीन दर्जन से अधिक हार्वेस्टर मशीनें कोतबा क्षेत्र में पहुंचने से पहले हालात पेट्रोल-डीजल संकट में दयनीय हो चुकी हैं। इन मशीनों को दिन-रात चलकर फसल काटनी है, ताकि मानसून आने से पहले अनाज सुरक्षित गोदामों या मिलों तक पहुंच सके। लेकिन डीजल न मिलने के कारण हार्वेस्टर और मिंजाई (थ्रेसिंग) मशीनें धूल फांकने को मजबूर होंगी। अगर यही स्थिति रही, तो खेतों में खड़ी परिपक्व फसल वहीं सड़ जाएगी या झड़ जाएगी।

### एकात्म मानव दर्शन...

महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया ने कार्य विस्तार विषय पर संगठन की मजबूती एवं समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच बढ़ाने पर बल दिया।जिला संगठन सह प्रभारी पवन गर्ग ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहर विषय पर उद्बोधन देते हुए प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान एवं परंपराओं के संरक्षण की आवश्यकता बताई। प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता माटीकला बोर्ड अध्यक्ष शम्भूनाथ चक्रवर्ती, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश नंदे, जिला भाजपा उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, सुनील अग्रवाल एवं ठाकुर पुष्पोत्तम सिंह ने की।







